

# तीन फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

▸ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चला रहे हैं ऑपरेशन हवालात।

**बड़वानी, ( नवभारत )।** पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हवालात के तहत फरार अपराधियों, स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों एवं ईनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर पुलिस को सफलता मिली।

थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन द्वारा फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने एएसपी धीरज बब्बर के निर्देशन एवं एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए 3 फरार स्थाई वारंटियों उदेश पिता युसुफ पिंजारा उम्र 19 वर्ष निवासी ईदगाह फलिया बड़वानी, नाना उर्फ अजय पिता बद्रीनाथ उम्र 19 वर्ष निवासी महेन्द्र टॉकीज के सामने बड़वानी एवं घुटनिया पिता बद्री उम्र 22 वर्ष निवासी महेन्द्र टॉकीज बड़वानी को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के विरुद्ध माननीय न्यायालय बड़वानी के प्रकरण क्रं. आरसीटी नं. 521/2020 एवं अपराध क्रं. 430/2020, धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के अंतर्गत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में प्रआर जगजोध सिंह चौहान, आरक्षक चेतन, आरक्षक तारिक एवं सैनिक रवि का योगदान रहा।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस टीम को सतत निगरानी एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से सूचना मिली कि उक्त तीनों वारंटी बस स्टैंड बड़वानी क्षेत्र में गुजरात की ओर भागने की फिराक में हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

# 1 अप्रैल से लागू होगी जमीन की नई गाइडलाइन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** यदि आप जिले में जमीन, मकान या दुकान खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो आपके पास केवल 31 मार्च तक का समय है। 1 अप्रैल से जमीनों के सरकारी दाम (गाइडलाइन) बढ़ने वाले हैं। कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई दरों का खाका तैयार किया गया।

बैठक में जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों की 2269 लोकेशनों की समीक्षा की गई। प्रशासनिक सुगमता के लिए अनुपयोगी लोकेशनों को मर्ज कर अब कुल संख्या 2219 कर दी गई है। इनमें से 1491 प्रमुख लोकेशनों पर जमीन की कीमतों में 5 से लेकर 20 प्रतिशत तक की वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है। ये वृद्धि मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में की जा रही है, जहां वर्तमान में सरकारी रेट से कहीं अधिक मूल्य पर रजिस्ट्रियां हो रही हैं और जहां भविष्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिला पंजीयक प्रवीण मेहता ने बताया कि नई संपदा 2.0 प्रणाली के आधार पर इस बार सूक्ष्म मूल्यांकन किया है। नए विकसित क्षेत्रों और डायवर्शन के कारण दरों में आ रही भिन्नता को दूर करने के लिए छोटे-छोटे क्षेत्रों (पालीगान) को मिलाकर बड़ा क्षेत्र बनाया गया है, जिससे कर चोरी (स्टांप ड्यूटी की बचत) पर रोक लगेगी। प्रस्ताव के अनुसार करीब 292 भूखंड और 423 कृषि भूमि लोकेशनों पर 10 प्रतिशत तक, जबकि 860 भूखंड और 455 कृषि भूमि लोकेशनों पर 11 से 20 प्रतिशत तक की भारी वृद्धि प्रस्तावित है। वहीं 21 मार्च तक सुझाव मांगे गए थे।

### कहां, कितनी होंगी नई दरें प्रस्तावित

उप पंजीयक अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार से मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय की कुछ प्रमुख लोकेशनों पर प्रस्तावित नई दरें इस प्रकार हैं।

नवलपुरा से फिल्टर प्लांट - भूखंड 7500 रुपए वर्ग मीटर, कृषि भूमि 80 लाख/हेक्टेयर।

अर्जुन कारज भवन से आशा ग्राम रोड़ -भूखंड 8000/वर्ग मीटर, कृषि भूमि 92 लाख/हेक्टेयर।

न्यू हाउसिंग बोर्ड से बड़गांव - भूखंड 9500/वर्ग मीटर (कृषि भूमि)।

सिलावद रोड़ (हनुमान टेकरी से सजवानी) - भूखंड 4000/वर्ग मीटर, कृषि भूमि 80 लाख/हेक्टेयर।

अंजड़ मुख्य मार्ग (वार्ड 1) - यहां सबसे अधिक 21000/वर्ग मीटर का प्रस्ताव दिया गया है।

बंधान रोड़ - भूखंड 1080/वर्ग मीटर एवं कृषि भूमि 3.60 लाख/हेक्टेयर।

इसके अलावा जिले के अन्य प्रमुख मार्गों और विकसित क्षेत्रों में भी दर वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया है।

### आखिर क्यों बढ़ रही है गाइडलाइन

जिला मूल्यांकन समिति ने दर वृद्धि के लिए निम्नलिखित ठोस कारणों को आधार बनाया है।

बाजार मूल्य का दबाव - जिन क्षेत्रों में गाइडलाइन से काफी ऊंचे दामों पर रजिस्ट्रियां हो रही हैं।

विकास की रफ्तार - हाईवे, रिंग रोड और विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण बढ़ी कीमतें।

त्रुटियों का सुधार - पुरानी गाइडलाइन में मौजूद लिपिकीय गलतियों को ठीक करना।

मर्जर प्रक्रिया - 50 ऐसी लोकेशनों को मूल लोकेशन में मिला दिया गया है जो अब स्वतंत्र रूप से उपयोगी नहीं थी।

समय का अंतराल - पिछले कुछ वर्षों से कई क्षेत्रों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# ट्राई सीरीज पर सतपुड़ा टाइगर का कब्जा

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर खिलाड़ियों की ट्राई सीरीज का आयोजन 26 से 29 मार्च तक पीएम श्री एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय मैदान पर किया गया। इसमें रुक्मणि क्रिकेट एकेडमी, सतपुड़ा टाइगर और नर्मदा किंग 3 टीमों ने भाग लिया। तीनों टीमों ने एक-एक मैच जीता, समान अंक होने पर नेट रन रेट से निर्णय लिया गया। जिसके बाद फायनल मुकाबला सतपुड़ा टाइगर और नर्मदा किंग के बीच खेला गया। सतपुड़ा टाइगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 233 रन बनाए।



जवाब में उतरी नर्मदा किंग 16 ओवर में 156 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सतपुड़ा टाइगर ने 87 रन से फायनल मैच जीता। अंत में विजेता टीम और उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। वहीं मेन ऑफ द फायनल विजय गुप्ता, मेन ऑफ द सीरीज विजय गुप्ता, बेस्ट बैटर फैजान खान, बेस्ट बॉलर वेद शर्मा को भी ट्रॉफी दी गई। पुरस्कार वितरण में उपाध्यक्ष काली चरण तिवारी, इन दास आर्य, हर्ष चौहान, रितिक सेन, योगेश वास्कले, वेदांत यादव और गीतेश यादव उपस्थित थे।

## 31 मार्च तक खुला रहेगा जिला परिवहन कार्यालय

**बड़वानी।** जिला परिवहन कार्यालय बड़वानी 31 मार्च तक अवकाश के दिनों में भी निरंतर खुला रहेगा। जिला परिवहन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दौरान लायसेंस, फिटनेस, पंजीयन आदि कार्य नियमित रूप से चालू रहेंगे।

# हजारों लोगों ने ली प्रसादी

▸ पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित की जा रही है रामकथा

**निवाली, ( नवभारत )।** नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर के द्वारा चल रही रामकथा में शनिवार रात्रि को भगवान राम एवं सीता माता का विवाह किया गया। श्रीराम भगवान द्वारा कथा के दौरान धनुष को उठा कर दो टुकड़े कर राम का विवाह बताया गया। जो काफी आकर्षण का केंद्र बना।

इस अवसर पर माता सीता एवं राम भगवान की झांकी बताई, जो भक्तों को आकर्षक कर रही थी। भक्तों ने भगवान राम एवं सीता माता का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। प्रतिदिन 4 से 5 यजमानों भगवान की सुबह 8 से 10 बजे तक पूजा-अर्चना कर रहे हैं, जिसमें भगवान का अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया जा रहा है। मंदिर चौक स्थित श्री राम मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन शाम 7 बजे हुआ, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।



# दो विद्यार्थियों का चयन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** शासकीय उउमावि के दो विद्यार्थियों कार्तिक शुक्ल और प्रियांशी वर्मा का चयन राज्य स्तरीय अध्ययन एवं संस्कृति समन्वय कार्यक्रम अंतर्गत नागालैंड भ्रमण के लिए किया गया है। जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे ये विद्यार्थी शैक्षणिक और सांस्कृतिक यात्रा के लिए रवाना हो चुके हैं। विद्यार्थियों के समूह को विमान द्वारा दिल्ली ले जाया गया। जहां से वे नागालैंड के लिए प्रस्थान करेंगे।



इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को देश की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक धरोहरों व विभिन्न जीवनशैलियों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अनिल मिश्रा एवं समस्त शिक्षक स्टॉफ ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों छात्र-छात्रा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महावीर जयंती का अवकाश आज

**बड़वानी।** मप्र शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में घोषित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया है। पूर्व में यह अवकाश 31 मार्च को निर्धारित था। जिसे संशोधित कर 30 मार्च को संपूर्ण जिले के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार यह निर्णय लिया है। सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थान सोमवार को बंद रहेंगे। सार्वजनिक अवकाश 30 मार्च को रहेगा।

## एक नजर में

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति



**इंदौर.** आराधना ग्रुप के संस्थापक बिंदु जैन एवं सुरेन्द्र जैन के निर्देशन में उन्मुक्त आश्रम के बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया. इस अवसर पर ज्ञायक ग्रुप द्वारा पंचकल्याणक पर आधारित नृत्य नाटिका का बेहद भावपूर्ण और सुंदर मंचन किया गया. कलाकारों के अभिनय और नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. ज्ञान ग्रुप द्वारा दी गई भजनों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे माहौल को और अधिक ऊर्जावान एवं अविस्मरणीय बना दिया. महिला मंडल एवं दीदीयों द्वारा भी भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई. मंगलाचरण प्रिंसी द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि अशोक डोसी, रानी डोसी, हंसमुख गांधी, सुमन जैन, पुष्पा कासलीवाल ने कार्यक्रम की सराहना की. ग्रुप के सदस्य असीम जैन, रजनी जैन, कमल काला, ज्योति काला, बबीता जैन, स्वर्णा जैन, स्मिता संजीव जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. संचालन मीना जैन ने किया.

### हर्षोल्लास से मनाया गया आर्य समाज का कार्यक्रम





**इंदौर.** आर्य समाज के तत्वावधान में वर्ष प्रतिपदा, नव संवत्सर अर्थात् सृष्टि का प्रथम दिवस व आर्य समाज का स्थापना दिवस पर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया. सत्संग भवन में अपर्णा शर्मा के मुख्य आतिथ्य में व वैदिक प्रवक्ता प्रकाश आर्य की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में आर्य समाज दयानंद गंज, आर्य समाज मल्हारगंज, आर्य समाज भागीरथपुरा व आर्य समाज संयोगितागंज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य व मातृशक्ति उपस्थित थे. महू से आर्य रामलाल प्रजापति, अश्विनी शर्मा, दिलीप आर्य व रूद्र आर्य भी उपस्थित रहे. प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत सभी समाज के प्रधान व सचिव द्वारा किया गया. तत्पश्चात भजनों की शानदार प्रस्तुति हुई. इसमें महू के दिलीप आर्य ने ऋषि के उपकारों पर आधारित भजन एवं आर्य समाज स्थापना पर भजनों की प्रस्तुति देकर सबको भाव विभौर कर दिया. तबले पर शानदार प्रस्तुति रूद्र आर्य ने की. इसी प्रकार आर्य समाज के श्री ने भी भजनों की प्रस्तुति दी. तबले पर संगत रूद्र आर्य ने की.

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ अभियान को लेकर बैठक

**महू.** राम सामाजिक सांस्कृतिक एवं धर्म जागरण समिति रामादल की क्षेत्रवार सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ अभियान लेकर बैठक हुई. इसमें रामादल के संस्थापक अध्यक्ष हिंदू हृदय सम्राट लोकेश शर्मा, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल, राजीव खंडेलवाल, सन्नी भारत बिलरवान मुख्य रूप से मौजूद रहे. बैठक में लोकेश शर्मा ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज को सुख, शांति, समृद्धि एवं धर्म जागरण के साथ-साथ समाज को संगठित एवं सशक्त बनाना है. अभियान के तहत आगामी 4 अप्रैल शनिवार से नगर में 11 स्थानों पर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ करना तय किया गया है. क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू घर के व्यक्ति को अपने-अपने गृह क्षेत्र के मंदिर पर एकत्रित होकर हनुमान चालीसा पाठ कराना ही हमारा लक्ष्य रहेगा, जिससे कि हिंदू सशक्त एवं संगठित हो सके. बैठक में अनेकों की संख्या में संस्था के सदस्य एवं शहर के गणमान्य जन व युवा साथियों ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया और धर्म जागरण के इस पुनीत कार्य को पूर्ण करने का संकल्प लिया.

# बुजुर्ग महिला को धक्का देकर चेन लूटने वाला स्नैचर धराया

▸ रैपिडो चलाते-चलाते बन गया चैन स्नैचर

▸ वारदात के 7 दिन बाद चढ़ा पुलिस के हत्थे



**नव भारत न्यूज**

इंदौर. लसूड़िया इलाके में बुजुर्ग महिला से चैन स्नैचिंग करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार कर लिया. आरोपी रैपिडो चलाने के दौरान इलाके की रेकी करता था और महंगे शौक पूरे करने के लिए चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देता था. आरोपी का पहले से ही आपराधिक रिकार्ड रहा है. थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि तुलसी नगर में गुरुवार 19 मार्च की सुबह हुई चैन स्नेचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. 76 वर्षीय शकुंतला चौकसे पूजा का सामान लेकर घर लौट रही थीं, तभी एक नकाबपोश बदमाश बिना नंबर की बाइक से आया. उसने रास्ता पूछने के बहाने महिला को रोका और अचानक धक्का देकर गले से सोने की चैन छीनकर फरार हो गया था. घटना के बाद लसूडिया पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के करीब 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जांच की. फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम आरोपी तक पहुंची.

### सवारी छोड़ने के दौरान करता था इलाके की रेकी

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संदेही सुरेश सरोज निवासी देवास को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने वारदात कबूल कर ली. आरोपी के कब्जे से करीब 11 ग्राम वजनी सोने की चैन और वारदात में इस्तेमाल की गई होंडा शाइन बाइक बरामद की है. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इंदौर में रहकर रैपिडो चलाता था और सवारी छोड़ने के दौरान ही वह ऐसे इलाकों की रेकी करता था, जहां आसानी से वारदात की जा सके. घटना वाले दिन भी वह सवारी छोड़ने तुलसी नगर गया था, जहां अकेली बुजुर्ग महिला को देखकर उसने मौके का फायदा उठाया. पुलिस अब आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है.

# 2.70 लाख की 27 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 पेडलरों को पकड़ा

**इंदौर.** अवैध दक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राऊ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन शातिर ड्रग पेडलरों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 27 ग्राम ब्राउन शुगर कीमत करीब 2.70 लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल जब्त की है. डीसीपी जोन-1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि राऊ पुलिस लगातार नशा तस्करों पर निगरानी रख रही थी. इसी दौरान रात को रंगवासा फाटा स्थित गुरुकुल मैदान के पास संदिग्ध मोटरसाइकिल सवारों को घेराबंदी कर रोका. तलाशी में उनके पास से ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में सामने आया कि आरोपी



शहर में मादक पदार्थ की सप्लाई कर युवाओं को नशे का आदी बनाने के साथ अपना नेटवर्क बढ़ा रहे थे. पुलिस ने आरोपियों अंकित उर्फ बाबा पंचोली उम्र 30 साल निवासी राजनगर, महिपाल उर्फ मोहित विष्ट उम्र 29 साल निवासी रंगवासा राऊ और श्याम बैरागी उम्र 44 साल निवासी राजनगर को गिरफ्तार किया.

# ऑपरेशन फेस : एक ही फोटो पर चालू किए 84 सिम कार्ड

▸ इंदौर क्राइम ब्रांच ने बैतूल से पकड़ा जालसाज को



**इंदौर.** अपराध शाखा इंदौर ने ऑपरेशन फेस के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम कार्ड एक्टिव करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. इंदौर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैतूल से एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने बोनस कमाने के लालच में खुद को अपराधी बना लिया. आरोपी ने अपना टारगेट पूरा करने के लिए एक ही फोटो का इस्तेमाल कर 84 फर्जी सिम कार्ड एक्टिवेट कर दिए. पुलिस के अनुसार, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन फेस के तहत एक ही व्यक्ति के चेहरे का उपयोग कर सिम सक्रिय करने वालों की पहचान की जा रही थी. जांच के दौरान इंदौर से जुड़े तीन संदिग्ध चेहरों की पहचान की गई, जिनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी विपिन मगरदे निवासी बैतूल को चिन्हित कर पकड़ा. पुलिस अब इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि इन फर्जी सिम कार्ड्स का इस्तेमाल किन-किन गतिविधियों में किया गया है और क्या इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह सक्रिय है.

**एक ही फोटो ने खोल दी आरोपी की पोल:** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टेलीकॉम कंपनियों वोडाफोन आइडिया, एयरटेल और बीएसएनएल आदि से पुलिस द्वारा सीएएफ और अन्य तकनीकी जानकारी जुटाने पर यह बात सामने आई कि दर्जनों सिम कार्ड्स में एक ही व्यक्ति की फोटो लगी है. इसके बाद टीम ने लोकेशन ट्रैक कर बैतूल से विपिन मगरदे नामक युवक को हिरासत में लिया. जांच में पाया गया कि आरोपी विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों के सिम कार्ड एक्टिवेट करने का काम करता था.

### बहन और दोस्त के नाम का गलत इस्तेमाल

आरोपी विपिन ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह केवल ज्यादा बोनस प्राप्त करना चाहता था. इसके लिए उसने अज्ञात व्यक्तियों के आधार कार्ड का उपयोग किया और पीओएस एजेंट के तौर पर अपनी बहन और दोस्त के नाम का सहारा लिया, ताकि वह कानून की नजरों से बच सके. आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि जैसे ही उसका टारगेट पूरा हो जाता था, वह उन सिम कार्ड्स को डिएक्टिवेट कर देता था, ताकि किसी को शक न हो. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है.

## भंडारे में युवक से मारपीट

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित रघुवंशी कॉलोनी में राम मंदिर पर हुए भंडारे के दौरान विवाद का मामला सामने आया है. थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि 32 वर्षीय फरियादी प्रतीक रघुवंशी निवासी रघुवंशी कॉलोनी ने बताया कि वह राम मंदिर में आयोजित भंडारे में भोजन कर रहा था. इसी दौरान अशोक रघुवंशी और राजेंद्र उर्फ राजू रघुवंशी वहां पहुंचे और उसे गालियां देने लगे. विरोध करने और समझाने पर दोनों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और थप्पड़ मार दिए. घटना के बाद फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** ▸ रिस्पॉन्स टाइम सुधरने, सड़कों पर पेट्रोलिंग बढ़ाने और ड्रग्स के नेटवर्क पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

# डायल-112 और ड्रग नेटवर्क पर कमिश्नर ने दिखाई सख्ती

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने के लिए पुलिस कमिश्नर ने अफसरों की बैठक लेकर साफ संदेश दिया है, कि डायल-112 का रिस्पॉन्स टाइम सुधरे, सड़कों पर पेट्रोलिंग बढ़े और ड्रग्स के नेटवर्क पर सीधी चोट की जाए.

पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक में शहरभर के डीसीपी, एडीसीपी और थाना प्रभारियों को तलब कर पुलिसिंग की बारीकी से समीक्षा की गई. कमिश्नर ने साफ कहा कि किसी भी घटना या दुर्घटना में आमजन को तत्काल मदद मिलना प्राथमिकता है, इसलिए डायल 112 की कार्यप्रणाली पर लगातार नजर रखी जाए. बैठक में फील्ड में काम करने वाली एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) को लेकर खास निर्देश दिए. हर वाहन में पर्याप्त स्टाफ तैनात रहे, लगातार पेट्रोलिंग हो और कोई कॉल आते ही तुरंत मौके पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए. साथ ही वाहनों में मौजूद उपकरणों की नियमित जांच और बॉडी वॉर्न कैमरा व डैशबोर्ड कैमरा का अनिवार्य उपयोग करने को कहा गया.



कमिश्नर ने बीट और माइक्रो बीट सिस्टम को फिर से सक्रिय करने पर जोर देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर पुलिस की पकड़ मजबूत होना जरूरी है. बीट स्टाफ की नियमित मॉनिटरिंग और फील्ड की समस्याओं को समझकर उन्हें बेहतर काम के लिए तैयार करने के निर्देश भी दिए. बैठक में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि पूरे नेटवर्क को तोड़ना लक्ष्य होना चाहिए. एनडीपीएस के आदतन अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए.